हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - कपूरपुर **दिनांक 13.08.2024**

- **थाना कपूरपुर पुलिस ने करीब एक वर्ष से फरार चल रहे 20,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त थाना कपूरपुर पर पंजीकत मु0अ0सं0 168/23 धारा 8/20/29/37/60 एनडीपीएस एक्ट में फरार/वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त के 03 अन्य साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिनके कब्जे से करीब 63 किलोग्राम अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद हुई थी।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर आन्ध्र प्रदेश से अवैध गांजा को कार में छिपाकर लाता था और उ0प्र0 के विभिन्न जनपदों, हरियाणा व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई कर आर्थिक लाभ कमाता था।**

कार्यवाही:-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थ तस्करों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 168/23 धारा 8/20/29/37/60 एनडीपीएस एक्ट में फरार/वांछित चल रहे 20,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त को छपरौली बस अड्डे के पास जनपद बागपत से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

सत्यवीर पुत्र बीरबल उर्फ बीरपाल निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जनपद बागपत।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 168/2023 धारा 8/20/29/37/60 एनडीपीएस एक्ट थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
2. मु0अ0स0 87/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री अवनीश कुमार शर्मा थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
3. उ0नि0 (यूटी) वैभव कुमार नाग थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
4. है0का0 155 कुलवन्त मलिक थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
5. है0का0 84 संजीव कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
6. है0का0 661 अंकित कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।